YEAR-2019



मोहन से महात्मा

भारतीय रेल की झांकी में मोहनदास कर्मचन्द गांधी से उनके महात्मा गांधी तक के सफर को दर्शाया गया है। 1893 में दक्षिण अफ्रीका में युवा मोहनदास को पीटरमार्टिजबर्ग रेलवे स्टेशन पर 'केवल यूरोपियों' के कंपार्टमेंट से निकालने की घटना ने उन्हें 'सत्याग्रह' के लिए प्रेरित किया।

इस झांकी के पहले भाग में एक भाप इंजन दिखाया गया है जिसके ऊपर गाँधी जी की एक अर्धप्रतिमा रखी है जो कि जून 2018 में दक्षिण अफ्रीका के पीटरमार्टिजबर्ग रेलवे स्टेशन पर लगाई गई अर्धप्रतिमा के समान है। मध्य भाग के पहले कोच में युवा मोहनदास को दक्षिण अफ्रीका में कंपार्टमेंट से निकालते हुए दिखाया गया है और दूसरे कोच में गांधी जी रेलवे स्टेशन पर कस्तूरबा गांधी जी के साथ अन्य लोगों से मिल रहे हैं क्योंकि 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस आने के बाद गांधी जी ने रेलगाड़ी के तृतीय श्रेणी के कंपार्टमेंट में पूरे भारत का भ्रमण किया। झांकी के पिछले हिस्से में महात्मा गांधी नवंबर 1945 से जनवरी 1946 के बीच बंगाल, असम और दक्षिण भारत में की गई यात्राओं के दौरान हरिजन कोष के लिए चंदा इकट्ठा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। झांकी के साइड पैनल में दिखाया गया है कि किस प्रकार भारतीय रेल ने महात्मा गांधी जी के 'स्वदेशी' विजन को नई दिशा दी है। भाप इंजन के युग से शुरूआत करते हुए, अब भारतीय रेल ने भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' परियोजना के तहत स्वदेशी ढंग से बनाए गए इंजन रहित आधुनिक गाड़ी ट्रेन–18 का निर्माण किया है।

MOHAN TO MAHATMA

The tableau of Indian Railways depicts the transformation of Mohandas Karamchand Gandhi to Mahatma Gandhi.

The incident in 1893, when the young Mohandas was thrown out of a "Europeans Only" compartment at Pietermaritzburg railway station in South Africa, acted as a catalyst for him to practice 'Satyagraha'. The front portion of the tableau shows a steam engine, on whose top is perched a bust of Mahatma Gandhi, which is similar to the bust installed in June 2018, at the Pietermaritzburg railway station of South Africa. The first coach of the middle portion shows young Mohandas being thrown out from the compartment in South Africa and the second coach depicts Gandhiji with Kasturba Gandhi meeting people at Railway station, as Gandhi ji travelled in 3rd Class compartment across the length and breadth of India by train after his return to India from South Africa in 1915. In the rear portion of the tableau, Mahatma Gandhi is shown collecting donations for the 'Harijan' Fund during his train journeys to Bengal, Assam and South India, carried out between November 1945 to January 1946. The side panel showcases how Indian Railways has spearheaded Mahatma Gandhi's vision of 'SWADESHI', as shown in Indian Railway's journey starting from the era of steam engines to indigenously made and state-of-the-art "Train-18', an engineless train made under 'Make in India' project of Government of India.